भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4085**

दिनांक 12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

**महिला नेतृत्व वाले उद्यमों पर महिला उद्यमिता प्लेटफॉर्म का प्रभाव और आर्थिक सशक्तिकरण**

**4085. श्री गणेश सिंह:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महिला उद्यमिता प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) के आरंभ के बाद से इसके अंतर्गत वित्तपोषण लिंकेज, मेंटरशिप, इनक्यूबेशन, कौशल उन्नयन और नेटवर्किंग पहलों के माध्यम से सहायता प्राप्त महिला उद्यमियों की संख्या कितनी है और इसमें हुई प्रगति का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उद्यम सृजन, व्यवसाय के विस्तार, रोजगार सृजन और महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए वित्त तक बेहतर पहुंच के संदर्भ में हासिल किए गए प्रमुख परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ग) महिला उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए वित्तीय संस्थानों, इनक्यूबेटरों, उद्योग निकायों और सरकारी योजनाओं के साथ स्थापित की गई साझेदारियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या उद्यमिता और आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में डब्ल्यूईपी के योगदान के संबंध में कोई प्रभाव आकलन किया गया है और यदि हां, तो विशेषकर सतना सहित मध्य प्रदेश से लाभार्थियों के राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरे सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं**
**राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय**

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क)और (ख) महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) एक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है जो सरकारी, वित्तीय संस्थानों, इनक्यूबेटरों, उद्योग संघों, शैक्षणिक संस्थानों और इकोसिस्टम भागीदारों को महिला उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ लाता है। डब्ल्यूईपी सीधे कार्यक्रमों को लागू नहीं करता है और इसके बजाय, एक इकोसिस्टम प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है जिसने अपनी पूरी उद्यमशीलता यात्रा के दौरान महिला उद्यमियों को सम्पूर्ण समर्थन देने में सक्षम बनाने के लिए कई मार्ग विकसित किए हैं। डब्ल्यूईपी अपने मार्की एसेट्स, अर्थात् नॉलेज पोर्टल, मेंटरशिप प्लेटफॉर्म, अवार्ड टू रिवार्ड (एटीआर) कार्यक्रम, डब्ल्यूईपी स्टेट चैप्टर और कम्युनिटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहायता प्रदान करता है। स्थिति इस प्रकार है:

- 1.1 लाख से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता उद्यमिता से संबंधित संसाधनों और इकोसिस्टम समर्थन तक पहुंचने के लिए डब्ल्यूईपी में शामिल हुए है।

- डब्ल्यूईपी ने राज्य स्तरीय उद्यमी इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए 5 राज्यों में स्टेट चैप्टर का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है।

- डब्ल्यूईपी नॉलेज पोर्टल 1,395 क्यूरेटेड संसाधनों को महिला उद्यमियों को प्रासंगिक जानकारी और अवसरों के साथ समर्थन प्रदान करने के लिए मेज़बानी करता है।

इसके अलावा, नीति आयोग के डब्ल्यूईपी प्लेटफॉर्म के सहयोग से, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने फरवरी 2025 में पूर्वोत्तर राज्यों के असम, मेघालय और मिजोरम; उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में एक पायलट परियोजना के रूप में स्वावलंबिनी-महिला उद्यमिता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य 1,200 छात्रों के लिए उद्यमिता जागरूकता प्रशिक्षण (ईएपी) के माध्यम से छात्राओं के बीच उद्यमी मानसिकता विकसित करना है और इनमें से 600 छात्रों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) प्रदान करना है।

इसके अलावा, स्वावलंबिनी का उद्देश्य नीति आयोग के डब्ल्यूईपी प्लेटफॉर्म की अवार्ड टू रिवार्ड्स पहल के माध्यम से कार्यक्रम से उभरने वाली सफल महिला उद्यमियों को पहचानना और पुरस्कृत करना है।

(ग) डब्ल्यूईपी विभिन्न संगठनों, उद्योग निकायों, वित्तीय संस्थानों आदि के साथ विषयगत क्षेत्रों और लाभार्थी आवश्यकताओं के आधार पर विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए भागीदारी करता है।

(घ) जी, हां। डब्ल्यूईपी ने प्लेटफॉर्म के बहु-वर्षीय प्रभाव मूल्यांकन और प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद को कार्य सौंपा है। मध्य प्रदेश में, सशक्त ग्रामीण महिला किराना स्टोर उद्यमी कार्यक्रम डब्ल्यूईपी द्वारा तीन जिलों - विदिशा, रायसेन और बड़वानी में कार्यान्वित किया जा रहा है और इसमें 120 महिला उद्यमियों को शामिल किया गया है।